# प्रेस नोट

## <u>दिनांक 09.10.2025</u>

## मिशन शक्ति केन्द्र चिकासी द्वारा पारिवारिक विवाद का कराया गया समाधान

अवगत कराना है कि आज दिनांक 09.10.2025 को थाना चिकासी जनपद हमीरपुर में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र पर आवेदिका श्रीमती हेमा पत्नी कुलदीप पुत्री राधे निवासी ग्राम व थाना चिकासी जनपद हमीरपुर द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि उसके पति कुलदीप आये दिन शराब के नशे में गाली-गलौज करते हैं। उक्त कारण से आवेदिका अपने मायके ग्राम व थाना चिकासी चली आई थी। बाद में जब उसका पति उसे लेने आया तो आवेदिका ने उसके साथ जाने से मना किया, जिस पर पति ने आवेदिका एवं उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की थी। उक्त प्रकरण की जानकारी पर मिशन शक्ति केन्द्र थाना चिकासी द्वारा उसके पति कुलदीप एवं आवेदिका की माँ से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क स्थापित कर दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र थाना चिकासी पर बुलाया गया। दोनों पक्षों की उपस्थित में गहन पूछताछ एवं परामर्श (काउंसलिंग) की गई। समझाने-बुझाने के पश्चात दोनों पक्षों ने आपसी नाराजगी दूर कर घटना को लेकर आपसी समझौता कर लिया। पति कुलदीप द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार की गाली-गलौज या लड़ाई-झगड़ा न करने का आश्वासन दिया गया। प्रकरण का शांतिपूर्ण समाधान होने पर आवेदिका श्रीमती हेमा एवं उसके पति कुलदीप को हंसी-खुशी मिशन शक्ति केन्द्र थाना चिकासी से रुक्सत किया गया। इस प्रकार मिशन शक्ति टीम द्वारा आवेदिका हेमा देवी की समस्या का सफलतापूर्वक समाधान कर आवश्यक सहायता प्रदान की गयी।

